स्वच्छ भारत मिशन - ग्रामीण

जिला ग्रामीण विकास अभिकरण हमीरपुर (हि0प्र0)

दो गडढों वाले शौचालयों के फायदे

यह एक हर्ष का विषय है कि जिला हमीरपुर की सभी 229 ग्राम पंचायतों के लगभग सभी घरों में शौचालय का निर्माण किया जा चुका है और सभी परिवार इसका उपयुक्त इस्तेमाल भी कर रहे हैं जिसमें ज्यादातर परिवारों में एकल गडढा प्रणाली को अपनाया है जो कि अभी तक ठीक कार्य कर रहे हैं। परन्तु आने वाले 10-15 वर्षों के बाद इन गडढों के भरने के उपरान्त इनका निपटान किया जाना एक विकट समस्या बन जायेगी क्योंकि गांव स्तर पर अभी तक इस तरह की कोई भी उपयुक्त विधि संचालन हेतु नहीं पाई गई है।

इस समस्या के निदान हेतु विभाग भविष्य में दो गडढों के शौचालय निर्माण हेतु परामर्श देता है।

दो गडढों के शौचालय में गडढों को बारी-2 से इस्तेमाल किया जाता है जब पहला गडढा भर जाता है तो जंक्शन चैम्बर से उसे बन्द कर दिया जाता है और दूसरे गडढे को चालू कर दिया जाता है ।



1) दो गडढों वाले शौचालय उन जगहों के लिये उपयुक्त नहीं है जहां भू- जल स्तर ऊँचा है और जमीन पथरीली व ठोस है। भू- जल स्तर ऊँचा होने से गडढे के आस-पास की जमीन पानी से संतृप्त हो जाती है और गडढे की जल अवशोषण क्षमता काफी कम हो जाती है।

2.) **गडढों की जगहः-** गडढों के लिये सबसे उपयुक्त स्थान वह माना जाता है जहां दोनों गडढों को समरूपता के साथ शौचालय के पीछे बनाया जा सके। गडढ़े मकान परिसर के भीतर, घर की पगडंडी के नीचे, संकरी गली में या सड़क के नीचे बनाए जा सकते हैं। दोनों गडढों के बीच कम से कम तीन फीट की दूरी अवश्य होनी चाहिए।

3.) दो गडढों वाले शौचालय के फायदेः-

1. यह घरेलू मानव मल का उसी स्थान पर स्थायी रूप से निपटारा करने वाला उपाय है।

2. इसके इस्तेमाल में कम पानी की आवश्यकता होती है।

3. गडढों मे जमा मानव मल को दो साल बाद बाहर निकालने पर वह अर्धठोस अवस्था में होता है, उसमें न तो किसी प्रकार की गन्ध होती है और न बीमारी फैलाने वाले जीवाणु। इसे आसानी से खोदकर बाहर निकाला जा सकता है।

4. गडढ़ों मे जमा अपशिष्ट में पेड़- पौधों के पोषक तत्वों का प्रतिशत काफी अधिक होता है और इसका खेती व बागवानी में उपयोग किया जा सकता है।

5. दो गडढों वाले शौचालय का रखरखाव आसान है।

6. इस तरह के शौचालयों को आसानी से अपग्रेड किया जा सकता है और सीवरेज लाइनों के उपलब्ध होने पर इन्हें इन लाइनों से भी जोड़ा जा सकता है।

7. दो गडढों वाले शौचालय सस्ते व व्यावहारिक है।





अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें: सम्बन्धित कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी

VISUAL ADVERTISERS @78328-11540